# कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर

क्रमांकः–शिविरा–मा / माध्यमिक / शालादर्पण / दीक्षा / 60306 / 2018–19 / 84 दिनांक :– 16-01-2019

1. समस्त संभागीय सयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा।
2. समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी।
3. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय), माध्यमिक / प्रारम्भिक ।
4. समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी।
5. समस्त संस्था प्रधान, राउमावि, राबाउमावि, रामावि, राबामावि।

विषय : DIKSHA RISE Portal पर कठिन बिन्दुओं का चयन करने तथा डिजीटल विडियों कन्टेट निर्माण कर पोर्टल पर अपलोड किये जाने बाबत्।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि मानव संसाधन विकास मंत्रालय भारत सरकार तथा राष्ट्रीय अध्यापक परिषद् द्वारा शिक्षकों को डिजिटल प्लेटफॉर्म उपलब्ध करवाने हेतु दीक्षा पोर्टल का निर्माण किया गया है। यह पोर्टल सत्र आरम्भ से ही विद्यार्थियों तथा शिक्षकों द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हेतु राजस्थान में उपयोग किया जा रहा है। यह देखने मे आया है कि कठिन बिन्दुओं से सम्बन्धित विडियों के रूप में उपलब्ध सहायक पाठ्य सामग्री का उपयोग शिक्षकों व विद्यार्थियों द्वारा अधिक किया जा रहा है। राजस्थान के राजकीय विद्यालयों मे कार्यरत शिक्षकों को दीक्षा पोर्टल से जोडने तथा शिक्षकों की अध्यापन में दक्षता का लाभ अधिकतम विद्यार्थियों तथा विद्यालयों तक पहुंचाने हेतु दीक्षा पोर्टल द्वारा निम्नानुसार दो नवाचार किये जा रहे हैं। इनके द्वारा शिक्षक दीक्षा पोर्टल से जुड़कर अपना योगदान दे सकते हैं।

1. **दीक्षा पोर्टल पर कठिन बिन्दुओं का चयन करना (अंतिम तिथि– 29 जनवरी 2019)–**

शिक्षक निम्नलिखित विषयों के अध्यायों में से विद्यार्थियों तथा शिक्षकों के लिए समझने एवं समझाने में कठिन बिन्दुओ का चयन कर दीक्षा पोर्टल पर सबमिट करें, जिससे विषय विशेषज्ञ उन कठिन बिन्दुओं से संबंधित सहायक पाठ्य सामग्री का निर्माण कर सकें–

1. हिन्दी – कक्षा 9
2. अग्रेजी – कक्षा 3
3. गणित – कक्षा 4
4. हिन्दी – कक्षा 8

दीक्षा पोर्टल पर कठिन बिन्दुओं का चयन निम्नानुसार किया जा सकता हैं–

i. सर्वप्रथम DIKSHA Portal ( https://diksha.gov.in/rj/ ) का चयन कर Click Here To Contribute Hardspot tab का चयन करेंगें । वेब ब्रॉउजर में url एड्रेस https://evolve.diksha.gov.in/rj-hs-contribute द्वारा सीधे ही कठिन बिन्दु चयन तक पहुंच सकते हैं।
ii. कठिन बिन्दुओं का चयन करें। एक शिक्षक एक या अधिक कठिन बिन्दुओं का चयन कर सकता है।
iii. Review के लिए sumit करें ।

कठिन बिन्दुओं से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए निम्नांकित विशेषज्ञों से सम्पर्क किया जा सकता है–

- श्री रोहिताश भारिया – 9460260641 ( गणित – कक्षा 4)
- श्री अजय शर्मा – 9887170010 ( हिन्दी – कक्षा 9)
- श्री श्याम प्रताप –9057814881 ( अग्रेजी – कक्षा 3, हिन्दी – कक्षा 8)

2. **विडियो के रूप में तैयार सहायक पाठ्य सामग्री दीक्षा पोर्टल पर अपलोड करना (अंतिम तिथि– 10 फरवरी 2019)–**

शिक्षक द्वारा निम्नलिखित कक्षा तथा विषय से सम्बन्धित विडियो के रूप में तैयार सहायक पाठ्य सामग्री दीक्षा पोर्टल पर अपलोड किया जा सकती है–

1. पर्यावरण अध्ययन – कक्षा 4
2. विज्ञान – कक्षा 8
3. गणित – कक्षा 2
4. गणित – कक्षा 8

दीक्षा पोर्टल पर विडियो के रूप में तैयार सहायक पाठ्य सामग्री अपलोड निम्नानुयसार किया जा सकता है–

i. सर्वप्रथम DIKSHA Portal ( https://diksha.gov.in/rj/ ) का चयन कर Click Here To Contribute Video Content tab का चयन करेंगें । वेब ब्रॉउजर में एड्रेस https://evolve.diksha.gov.in/rj-con-contribute टाइप कर सीधे ही विडियों कंटेंट अपलोड किया जा सकता है।

ii. विडियों कंटेंट अपलोड करें। एक शिक्षक एक या अधिक विडियों कंटेंट अपलोड कर सकता हैं।

iii. Review के लिए sumit करें ।

विडियों कंटेंट अपलोड से सम्बन्धित किसी भी प्रकार कि जानकारी के लिए निम्नांकित विशेषज्ञों से सम्पर्क किया जा सकता है–

- श्रीमति निधि अजय पचीसिया – 9461309244 ( विज्ञान – कक्षा 8)
- श्री अजय शर्मा – 9887170010 ( पर्यावरण अध्ययन – कक्षा 4)
- श्री श्याम प्रताप –9057814881 ( गणित – कक्षा 2,)
- श्री सोहनलाल गुप्ता – 9414522201 (गणित – कक्षा 8)

तकनीकी जानकारी तथा सहायता के लिए निम्नांकित विशेषज्ञों से सम्पर्क किया जा सकता है–

- श्री चिन्मय चैतन्य – 9798002064
- श्री रतुल चौधरी – 9836214970

अन्य सम्बंधित जानकारी तथा सहायता के लिए RSCERT उदयपुर दीक्षा E.T.B. प्रभारी श्री रवीन्द्र कुमार शर्मा (8619498237)(विभाग–6, शैक्षिक प्रौद्योगिकी विभाग राजस्थान, अजमेर ) से सम्पर्क किया जा सकता हैं तथा rise.diksha@gmail.com पर मेल कर भी समस्या समाधान हेतु सम्पर्क किया जा सकता है।

शिक्षकों द्वारा चयनित कठिन बिन्दुओं तथा अपलोड की गई विडियो के रूप में तैयार सहायक पाठ्य सामग्री में से विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रासंगिक पाए जाने पर उनको राज्य स्तर पर उपयोग किया जाएगा तथा चयनित शिक्षकों को राज्य स्तर पर पहचान/सम्मान प्राप्त होगा।

उपनिदेशक (माध्यमिक)
माध्यमिक शिक्षा,
राजस्थान, बीकानेर।

प्रतिलिपि :–निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु:

1. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, जयपुर।
2. निजी सचिव, आयुक्त , राज. स्कूल शिक्षा परिषद, राजस्थान जयपुर।
3. निजी सहायक, राज्य परियोजना निदेशक, राज. स्कूल शिक्षा परिषद, राजस्थान जयपुर।
4. निजी सचिव, निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर।
5. निजी सचिव, निदेशक,राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् , उदयपुर।
6. सिस्टम एनालिस्ट, कम्प्यूटर अनुभाग, कार्यालय हाजा को विभागिय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
7. स्टाफ ऑफिसर, कार्यालय हाजा।
8. रक्षित पत्रावली।

उपनिदेशक (माध्यमिक)
माध्यमिक शिक्षा,
राजस्थान, बीकानेर।